गृह सहायक (परिवार के साथ रहनेवाले)

- लॉक डाउन की अवधि के दौरान बाहर से आने वाले किसी भी गृह सहायक को घर मे प्रवेश करने नहीं दें तथा इस अवधि के दौरान उनके वेतन में किसी भी प्रकार की कटौती न करें।
- किसी भी आवश्यक सामग्री के लिए बाहर जाने पर हर बार उन्हे अपने हाथों को अच्छी तरह से धोना/ सैनिटाइज करना चाहिए ।
- उन्हें दिन में बार-बार उनके हाथों को साबुन तथा पानी से धोने को कहें।
- सहायकों से सुरक्षित दूरी बरकरार रखें। उन्हें निर्देश देने के लिए कभी उनके करीब न जाएं।
- उनमें कोरोना के कोई लक्षण दिखाई देने पर उन्हें अपने घर में अलग रहने/अलग कमरे (कोरांटिन) में रहने को कहें।
- उनमें कोरोना के कोई भी लक्षण दिखाई देने पर उन्हें तुरंत परीक्षण तथा चिकित्सकीय जांच के लिए ले जाएं। तुरंत चिकित्सकीय सहायता पाने के लिए उनकी जरूरी मदद करें।